आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कुशीनगर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तुर्कहा गांव में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें राहत सामग्री वितरित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में समय पर बाढ़ से बचाव के उपाय करने का परिणाम है कि बड़े पैमाने पर जनधन की हानि को रोकने मे मद्द मिली है। श्री योगी ने कहा कि जिले मे नारायणी और गंडक नदी के बाढ़ से बचाव के लिए बीते सात साल मे बड़े स्तर पर प्रयास किये गये है। करीब छः सौ करोड़ रूपये की धनराशि खर्च कर बाढ़ बचाव के कई प्रबंध किये गये है जिससे तिरासी गांव की एक लाख सोलह हजार, की आबादी और बीस हजार हेक्टेअर कृषिभूमि सुरक्षित हुई है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वह नारायणी नदी पर पक्का पुल बनाने के लिए सर्वे का काम जल्द शुरू करें।

****

अपने गृह जनपद गोरखपुर के दौरे के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याए सुनी। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याएं दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्यवायी करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध पारदर्शी निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने चार सौ लोगों की समस्याएं सुनी जिनमें महिलाओं की सख्या अधिक रही। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी प्रकरण मे पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो इसकी भी जांच कर जवाब देहि तय की जाए। इसी तरह यदि किसी पीड़ित को प्रशासन और पुलिस का सहयोग नही मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ यह भी पता लगाया जाए। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। मामलों के निस्तारण में देरी पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जनता दर्शन में इलाज में आर्थिक मदद की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी के भी इलाज में धन की कमी बाधक नही होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टिमेट की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराकर शासन में भेजे ताकि समय से इलाज के लिए धनराशि जारी की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए जिससे उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

****

अयोध्या के भदरसा में नाबालिग लड़की से हुए गैंग रेप मामले में पीड़ित परिवार से आज भाजपा के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि हर हाल में उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह शुरू से अपराधियों को संरक्षण देते चली आ रही है यह घटना भी इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी। प्रतिनिधिमण्डल की सदस्य राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने कहा कि अब जनता को समझने की जरूरत है कि समाजवादी पार्टी पीड़िता के साथ खड़ी है या फिर अपराधी के साथ। वहीं नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार इस घटना में कठोर कार्यवाही कर दुराचार करने वाले अपराधियों के लिए नजीर पेश करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला और कमजोर वर्ग की सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधिमण्डल ने अस्पताल में जाकर पीड़िता से भी मुलाकात की और उसे आश्वस्त किया की सरकार इस अपराध के लिए सभी दोषियों पर कठोर कार्यवाही करेगी। उधर पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भी भदरसा पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढ़स बधाया।

****

सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी की ओर से आयोजित की जा रही अग्निवीर सेना भर्ती के पहले दिन आज सभी बारह जिलों के लिए ऑफिस अस्सिटेंट और टेक्निकल पद के लिए अभ्यर्थियों की दौड़ संपन्न कराई गयी। आज बुलाए गये एक हजार इक्यानबे अभ्यर्थियों में से आठ सौ सैंतालिस ने दौड़ मे भाग लिया जिसमें एक सौ एक्तालीस पास हुए। कल अग्निवीर ट्रेडमैन एवं जनरल डयूटी के लिए भर्ती प्रक्रिया होगी।

****

केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और बदायूं के डीएम निधि श्रीवास्तव ने कल बदायूं के सभानगर पहुंच कर शहीद मोहित राठौर के परिजनों को ढांढ़स बधाने के साथ ही पचास लाख रूपये का चेक भी सौंपा। डीएम ने बताया कि इस आर्थिक मदद में से पन्द्रह लाख रूपये का चेक शहीद के पिता को और पैंतीस लाख रूपये का चेक शहीद की पत्नी को दिया गया है।

****